खबर संक्षेप

## विधायक ने आमजन की समस्याएं सुनकर किया गया मौके पर निराकरण

**मैहर।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल के निर्देशानुसार शुक्रवार को प्रातः 10 बजे से भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय में मैहर विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी ने आमजन से भेंट कर उनकी समस्याएं सुनीं तथा संबंधित अधिकारियों से चर्चा कर कई मामलों का मौके पर ही निराकरण कराया। इस जनसुनवाई कार्यक्रम में क्षेत्र के विभिन्न गांवों एवं नगर से बड़ी संख्या में नागरिक अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे। विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी ने प्रत्येक व्यक्ति की बात गंभीरता से सुनते हुए उनकी समस्याओं के शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया। कई प्रकरणों में संबंधित विभागीय अधिकारियों को तत्काल आवश्यक निर्देश भी दिए गए। कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी,वरिष्ठ कार्यकर्ता एवं आमजन उपस्थित रहे। उपस्थित लोगों ने विधायक की सहज कार्य शैली और जनसमस्याओं के प्रति संवेदनशीलता की सराहना करते हुए इस प्रकार के जनसंपर्क एवं जनसुनवाई कार्यक्रमों को जनता के लिए अत्यंत उपयोगी बताया।

## आईटीआई में प्रवेश के लिए पंजीयन 30 तक

**सतना।** मध्यप्रदेश राज्य के शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आईटीआई) में सत्र 2026-27 के लिए प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। इच्छुक अभ्यर्थी 30 जून 2026 तक ऑनलाइन पंजीयन एवं त्रुटि सुधार कर सकते हैं,जबकि संस्था एवं ट्रेड के लिए चॉइस फिलिंग की प्रक्रिया 1 जून से 30 जून 2026 तक जारी रहेगी। औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था के प्राचार्य ने बताया कि सतना जिले के अंतर्गत सतना, उचेहरा, बिरसिंहपुर, बरौंधा,रामपुर बघेलान एवं नागौद में शासकीय आईटीआई संचालित हैं। नोडल प्राचार्य द्वारा जानकारी दी गई है कि इन संस्थानों में एससीव्हीटी एवं एनसीव्हीटी के तहत विभिन्न तकनीकी एवं गैर-तकनीकी पाठ्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं। इनमें प्रमुख ट्रेड जैसे इलेक्ट्रीशियन, फिटर, कोपा, वेल्डर, टर्नर, मशीनिस्ट, सोलर टेक्नीशियन, इलेक्ट्रॉनिक मैकेनिक, मोटर व्हीकल मैकेनिक, ट्रैक्टर एवं डीजल मैकेनिक, कम्प्यूटर हार्डवेयर, फैशन टेक्नोलॉजी,स्टेनो हिंदी एवं इलेक्ट्रिक व्हीकल मैकेनिक शामिल हैं। अधिक जानकारी एवं ऑनलाइन आवेदन के लिए अभ्यर्थी विभाग की वेबसाइट पर जाकर प्रवेश रजिस्ट्रेशन 2026 लिंक के माध्यम से विस्तृत जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

### पुरानी रंजिश में खूनी संघर्ष

# एक ही परिवार के 4 लोगों पर कुल्हाड़ी और डंडों से हमला, 2 रीवा रेफर



**सतना।** कोटर थाना क्षेत्र के टिकुरी गांव में पुरानी रंजिश को लेकर एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। यहाँ एक ही परिवार के चार सदस्यों पर कुल्हाड़ी और लाठी-डंडों से जानलेवा हमला कर दिया गया। इस हमले में चारों लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं,जिन्हें आनन-फानन में जिला अस्पताल सतना में भर्ती कराया गया। वहीं, दो लोगों की नाजुक हालत को देखते हुए उन्हें प्राथमिक उपचार के बाद रीवा मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया है। घायल लोकनाथ सिंह ने आपबीती बताते हुए कहा कि वे लोग अपने घर के बाहर शांति से बैठे थे। इसी दौरान उनके सगे चाचा,उनके लड़के और नाती हाथ में कुल्हाड़ी, डंडे और लाठी लेकर अचानक वहाँ आ धमके और गाली-गलौज करते हुए हमला कर दिया।



घायल लोकनाथ सिंह के मुताबिक,यह पूरा विवाद पुरानी रंजिश को लेकर हुआ है। आरोपी पहले भी हमारे साथ मारपीट की वारदातों को अंजाम दे चुके हैं।इस हिंसक झड़प में गंभीर रूप से घायल होने वालों में लोकनाथ सिंह,मां नीता सिंह भाई संजय



सिंह और चाचा रामबदन सिंह शामिल हैं। घटना के तुरंत बाद पीड़ित पक्ष की ओर से कोटर थाने में शिकायत दर्ज कराई गई है।पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश और घटना की जांच शुरू कर दी है।

# बरौंधा में आकाशीय बिजली का कहर 17 बकरियों और 2 भैंसों की मौत







सतना। बरौंधा थाना क्षेत्र में शुक्रवार को तेज बारिश के साथ गिरी आकाशीय बिजली ने भारी तबाही मचाई है। क्षेत्र के अलग-अलग गांवों में वज्रपात की चपेट में आने से कुल 17 बकरियों और 2 भैंसों की दर्दनाक मौत हो गई। इस अप्रत्याशित प्राकृतिक आपदा से स्थानीय पशुपालकों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा है।प्राप्त जानकारी के अनुसार,पहली घटना पड़ो गांव की है,जहाँ तेज बारिश के दौरान महुआ के पेड़ के नीचे खड़ी 4 बकरियां आकाशीय बिजली की चपेट में आ गईं। झटका इतना जोरदार था कि चारों बकरियों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। वहीं,क्षेत्र के साड़ा गाँव में भी आसमानी बिजली गिरने से एक साथ 12 बकरियों की जान चली गई। इसके अलावा,वीरमपोखरी और गोडहा गांवों में भी भारी कड़कड़ाहट के साथ बिजली गिरी,जिसकी चपेट में आने से दो भैंसों और एक बकरी की मौत हो गई। इस हादसे में पीड़ित पशुपालक रन्नू यादव को भारी आर्थिक क्षति पहुँची है। अचानक हुई इस घटना से प्रभावित परिवारों में मातम छा गया है। ग्रामीणों ने प्रशासन से पीड़ित पशुपालकों को उचित मुआवजा देने की मांग की है।

# पूजा सामग्री एवं अन्य सामान लाने के लिए कपड़े या कागज के बैग का उपयोग करें

### शारदा धाम को पॉलीथिन मुक्त कराने के लिए कलेक्टर ने दिए निर्देश



**मैहर। मैहर को स्वच्छ और पर्यावरण अनुकूल बनाने की दिशा में जिला प्रशासन ने एक नई पहल की है। कलेक्टर के निर्देशन में मां शारदा धाम को पॉलीथिन मुक्त क्षेत्र घोषित करने की प्रक्रिया शुरू की गई है।** इस अभियान का उद्देश्य मंदिर परिसर और आसपास के क्षेत्रों में स्वच्छता बनाए रखना,पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देना तथा श्रद्धालुओं को स्वच्छ वातावरण उपलब्ध कराना है। मां शारदा धाम को पॉलीथिन मुक्त बनाने की पहल कलेक्टर ने अधिकारियों,व्यापारियों,नागरिकों और श्रद्धालुओं से अपील करते हुए कहा है कि वे पॉलीथिन का उपयोग पूरी तरह बंद करें और इसके स्थान पर कपड़े या जूट के थैलों का प्रयोग करें।उन्होंने कहा कि मां शारदा धाम प्रतिदिन हजारों श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र है, ऐसे में इसकी स्वच्छता बनाए रखना सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है दुकानदारों और श्रद्धालुओं से सहयोग की अपील की गई है।

प्रशासन द्वारा मंदिर परिसर के आसपास संचालित दुकानों में पॉलीथिन के उपयोग पर रोक लगाने के लिए जागरूकता अभियान चलाया जाएगा दुकानदारों को वैकल्पिक पर्यावरण हितैषी सामग्री अपनाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। वहीं श्रद्धालुओं से भी अपील की गई है कि वे पूजा सामग्री एवं अन्य सामान लाने के लिए कपड़े या कागज के बैग का उपयोग करें। कलेक्टर ने कहा कि पॉलीथिन न केवल पर्यावरण के लिए हानिकारक है,बल्कि यह नालियों के जाम होने,जल प्रदूषण और पशुओं के स्वास्थ्य पर भी प्रतिकूल प्रभाव डालती है। मां शारदा धाम को पॉलीथिन मुक्त बनाकर स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण का एक सकारात्मक संदेश पूरे जिले में दिया जाएगा।जिला प्रशासन का मानना है कि किसी भी अभियान की सफलता जनसहयोग पर निर्भर करती है।



### विंध्य चैंबर ऑफ़ कॉमर्स चुनाव

# आज थमेगा प्रचार, कल मतदानः सतीश सुखेजा और दिग्गजों के बीच कड़ा मुकाबला

**सतना।** व्यापारिक जगत की सबसे प्रतिष्ठित संस्था 'विंध्य चैंबर ऑफ़ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज' के चुनाव का बिगुल बज चुका है। शुक्रवार को चैंबर का वार्षिक अधिवेशन आयोजित किया गया,जिसमें विगत वर्षों का लेखा-जोखा और अन्य महत्वपूर्ण जानकारियां साझा की गईं। इसके तुरंत बाद वर्तमान कार्यकारिणी को भंग कर चुनावी प्रक्रिया और नामांकन का दौर शुरू हुआ। नामांकन प्रक्रिया समाप्त होते ही चुनावी रणभेरी तेज हो गई है। रविवार,28 जून को मतदान होगा,जबकि अगले दिन यानी सोमवार को मतों की गिनती कर परिणाम घोषित किए जाएंगे।

### अध्यक्ष पद के लिए पांच दावेदार मैदान में

इस बार चैंबर के अध्यक्ष पद का मुकाबला बेहद दिलचस्प और त्रिकोणीय से लेकर बहुकोणीय नजर आ रहा है। चुनाव मैदान में वर्तमान अध्यक्ष सतीश सुखेजा अपनी साख बचाने उतरे हैं,तो वहीं उन्हें चुनौती देने के लिए निवर्तमान महामंत्री संदीप जैन,अशोक अग्रवाल,मनोहर डिगवानी और राजेश खत्री ने पूरी ताकत झोंक दी है। जमीनी समीकरणों को देखें तो इस समय लगभग सभी प्रत्याशियों का सीधा मुकाबला वर्तमान अध्यक्ष सतीश सुखेजा से माना जा रहा है।

### व्यापारिक संस्था में 'राजनीतिक' तड़का

कहने को तो विंध्य चैंबर ऑफ़ कॉमर्स पूरी तरह से एक व्यापारिक संगठन है,लेकिन इस बार इसके चुनाव में विशुद्ध राजनीतिक रंग देखने को मिल रहा है। चैंबर के कुल मतदाताओं में 35 से अधिक ऐसे चेहरे हैं,जो सीधे तौर पर सक्रिय राजनीति और रसूखदार राजनीतिक घरानों से ताल्लुक रखते हैं। चैंबर के वीआईपी वोटरों में मुख्य रूप से महापौर योगेश ताम्रकार और उनके पुत्र जयदेव ताम्रकार। चित्रकूट विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष विजय यादव। विंध्य विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष संजय तीर्थवानी। सांसद गणेश सिंह का परिवारः सांसद के पुत्र संकल्प सिंह,छोटे भाई व पूर्व जनपद अध्यक्ष उमेश सिंह लाला और पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष सुधा सिंह।



आरएसएस के प्रांत कार्यवाह उत्तम बनर्जी। नगर निगम के वर्तमान व पूर्व पदाधिकारीः वर्तमान स्पीकर राजेश चतुर्वेदी (पालन), पूर्व महापौर त्रिपाठी (जो चैंबर के पूर्व अध्यक्ष भी रहे हैं),और पूर्व स्पीकर अनिल जायसवाल व बाला यादव। भाजपा के दिग्गजः पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष गगनेन्द्र प्रताप सिंह,पूर्व जिला अध्यक्ष पुष्पेंद्र प्रताप सिंह,विनोद यादव,विनोद तिवारी, भाजयुमो जिलाध्यक्ष सौभाग्य केसरी, और रत्नाकर चतुर्वेदी (शिवा)।

### जातीय समीकरणः सिंधी सबसे आगे, बंगाली सबसे कम

चैंबर के कुल 1663 मतदाताओं (1340 सामान्य और 323 संस्थागत) में इस बार जातीय गणित भी जीत-हार तय करने में बड़ी भूमिका निभाएगा। आंकड़ों के लिहाज से चुनाव में सिंधी समाज के सबसे अधिक 515 मतदाता हैं,जो किसी भी प्रत्याशी का पलड़ा भारी कर सकते हैं।इसके बाद अग्रवाल (244) और गुप्ता (169) समाज का नंबर आता है। वहीं,सबसे कम संख्या बंगाली समुदाय की है,जिसके मात्र 4 वोटर हैं। इसके अलावा मुस्लिम समाज के भी 19 वोटर इस सूची में शामिल हैं।

### एक नजर में प्रमुख मतदाता वर्ग

सिंधीः 515 | अग्रवालः 244 | गुप्ताः 169 | ब्राह्मणः 148। जैनः 90 | मारवाड़ीः 77 | पंजाबीः 75 | क्षत्रियः 73। मुस्लिमः 19 | यादवः 12 | बंगालीः 04

नामांकन वापसी और अंतिम स्क्रूटनी के बाद अब सभी प्रत्याशी डोर-टू-डोर जनसंपर्क कर व्यापारियों को साधने में जुटे हैं। रविवार को होने वाले इस मतदान पर पूरे जिले की नजरें टिकी हुई हैं।

# खेल पुरस्कार 2026 हेतु आवेदन 31 जुलाई तक आमंत्रित

**सतना।** खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा वर्ष 2026 के लिए विभिन्न प्रतिष्ठित खेल पुरस्कारों हेतु ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इनमें एकलव्य,विक्रम,विश्वामित्र,प्रभाष जोशी एवं लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार के लिए इच्छुक खिलाड़ी 10 जून से 31 जुलाई 2026 तक आनलाइन आवेदन कर सकते हैं। पुरस्कार खेल और युवा कल्याण विभाग म.प्र.शासन के नवीन पुरस्कार नियम 2021 के अनुसार वर्ष 2021 से 31 मार्च 2026 तक की खेल उपलब्धियों के आधार पर किया जाएगा। इस दौरान साहसिक खेलों (जल,थल एवं वायु आधारित) में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी भी एकलव्य एवं विक्रम पुरस्कार हेतु पात्र होंगे। आवेदन प्रक्रिया पूर्णतः ऑनलाइन रखी गई है। इच्छुक अभ्यर्थी विभागीय वेबसाइट के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। इसके अलावा अनुदान मोबाइल ऐप डाउनलोड करके भी आवेदन किया जा सकता है। जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी सतना/मैहर ने बताया कि ऑनलाइन आवेदन करने के बाद अभ्यर्थियों को आवेदन की प्रति (पंजीयन क्रमांक सहित) तथा संबंधित खेल प्रमाण-पत्र एवं अन्य दस्तावेजों की छायाप्रति जिला खेल एवं युवा कल्याण कार्यालय अथवा संचालनालय,टी.टी.नगर स्टेडियम,भोपाल में 31 जुलाई 2026 तक जमा करना अनिवार्य होगा। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जाएगा।

# भरत तिवारी एनकाउंटर मामला: बिरसिंहपुर में फूटा जनाक्रोश, सुरक्षा के बीच कैंडल मार्च




**सतना।** भरत तिवारी एनकाउंटर मामले को लेकर स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश देखा जा रहा है। घटना के विरोध में बिरसिंहपुर में जनसैलाब उमड़ पड़ा और लोगों ने न्याय की माँग को लेकर एक विशाल कैंडल मार्च निकाला। मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए पूरे इलाके में भारी पुलिस बल तैनात किया गया था। कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच निकाले गए इस कैंडल मार्च में शामिल लोग निष्पक्ष जाँच और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की माँग कर रहे थे। क्षेत्र में तनाव को देखते हुए प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड पर है।

### जिले में अकीदत के साथ मनाया गया मुहर्रमः निकला ऐतिहासिक जुलूस,युवाओं ने अस्पताल में बांटे फल



**सतना।** जिले में मुस्लिम धर्मावलंबियों द्वारा यौम-ए-आशूरा(मुहर्रम) का पर्व पूरी अकीदत और पारंपरिक अदब-ओ-एहतराम के साथ मनाया गया। इस मौके पर सतना समेत पूरे जिले और मैहर जिले के अमरपाटन में एक भव्य और ऐतिहासिक मुहर्रम का जुलूस निकाला गया,जिसमें बड़ी संख्या में स्थानीय युवाओं और अकीदतमंदों ने शिरकत की।

### पारंपरिक तरीके से निकला जुलूस,युवाओं में दिखा उत्साह

मुहर्रम का जुलूस अपने पारंपरिक रास्तों से होता हुआ गुजरा। जुलूस के दौरान सुरक्षा और शांति व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम रहे। इस वर्ष जुलूस में युवाओं की भागीदारी विशेष रूप से देखने को मिली। हाथों में अलम थामे युवाओं ने पूरी शिद्दत और अनुशासन के साथ मुहर्रम की रस्मों को अदा किया।मुहर्रम के इस मुकद्दस मौके पर मुस्लिम समाज के नवयुवकों ने सामाजिक सरोकार और मानवता की एकअनूठी मिसाल पेश की। जुलूस के पश्चात सैकड़ों की तादाद में युवा अमरपाटन के सिविल अस्पताल पहुंचे। यहाँ युवाओं ने अस्पताल में भर्ती मरीजों से मुलाकात कर उनका हाल-चाल जाना और उन्हें फलों का वितरण किया। सेवा के इस पुनीत कार्य के दौरान प्रदेश अल्पसंख्यक कांग्रेस के पदाधिकारी इस्लाउद्दीन सौदागर विशेष रूप से मौजूद रहे। उन्होंने युवाओं के इस कदम की सराहना करते हुए कहा कि मुहर्रम हमें त्याग,इंसानियत और मजलूमों की मदद करने का संदेश देता है। अस्पताल परिसर में युवाओं की इस पहल की मरीजों और उनके परिजनों ने भूरि-भूरि प्रशंसा की। इस दौरान पूरे क्षेत्र में कौमी एकता और भाईचारे का माहौल देखने को मिला।

# करंट की चपेट में आने से मजदूर बुरी तरह झुलसा



### बस स्टैंड में अवैध रूप से पेड़ कटाई के दौरान हादसा

**सतना।** कोलगवां थाना क्षेत्र के पुराने बस स्टैंड इलाके में एक बड़ा हादसा सामने आया है। यहाँ शिव महल होटल के पास पेड़ काटने के दौरान एक मजदूर हाई वोल्टेज करंट की चपेट में आ गया। करंट लगने से मजदूर बुरी तरह जख्मी हो गया है,जिसे इलाज के लिए तुरंत अस्पताल भिजवाया गया है। मिली जानकारी के मुताबिक,पुराने बस स्टैंड स्थित 'शिव महल होटल' के संचालक द्वारा होटल के पास स्थित पीपल और नीम आदि के पेड़ों की कटाई करवाई जा रही थी। आरोप है कि होटल संचालक द्वारा नियमों को ताक पर रखकर,बिना किसी प्रशासनिक अनुमति के यह पेड़ कटवाए जा रहे थे। पेड़ की डालियां काटते समय वह पास से गुजर रही बिजली की तारों से छू गईं, जिससे पेड़ पर काम कर रहा मजदूर करंट की चपेट में आ गया और झुलस कर नीचे आ गिरा। घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया।

### हैवानियतः चलती ट्रेन से गर्भवती पत्नी को फेंका, हालत गंभीर

**सतना।** जिले के रामपुर थाना क्षेत्र में दिल दहला देने वाली वारदात सामने आई है,जहाँ एक क्रूर पति ने मामूली विवाद के बाद अपनी 3 माह की गर्भवती पत्नी को चलती ट्रेन से नीचे फेंक दिया। यह घटना तब हुई जब दोनों रोजगार की तलाश में गुजरात जा रहे थे। आरोपी पति मानिकपुर का रहने वाला है। इस खौफनाक कदम के कारण पीड़िता के दोनों हाथ और एक पैर बुरी तरह फ्रैक्चर हो गए हैं। पीड़िता को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है,जहाँ वह दर्द से कराहते हुए अब पुलिस और प्रशासन से न्याय की गुहार लगा रही है। वारदात के बाद पीड़िता को इलाज के लिए 12 जून से राजकोट (गुजरात) के अस्पताल में भर्ती कराया गया था,जहाँ उसकी हालत को देखते हुए लंबा उपचार चला। इसके बाद,शुक्रवार को पीड़िता को वापस सतना के जिला अस्पताल लाया गया है,जहाँ डॉक्टरों की देख रेख में उसका आगे का इलाज जारी है। पीड़िता की हालत अभी भी नाजुक बनी हुई है और पुलिस मामले की जाँच में जुटी है।

## खबर संक्षेप

### अरविंद सोनी कांग्रेस पार्टी के स्वर्ण कला प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष बने



**पन्ना।** कांग्रेस पार्टी के सक्रिय कार्यकर्ता तथा पार्टी के कार्यों में हमेशा अग्रसर रहने वाले अरविंद कुमार सोनी को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष की अनुशंसा के बाद पन्ना जिला स्वर्ण कला प्रकोष्ठ का जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया है श्री सोनी की नियुक्ति पर जिले भर में उत्साह का माहौल है पार्टी द्वारा अपेक्षा की गई है कि श्री सोनी पार्टी की रीति नीति को जन-जन तक पहुंचने में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएंगे। उनकी नियुक्ति पर जिला अध्यक्ष अनीश खान सहित सभी पार्टी पदाधिकारी कार्यकर्ताओं ने बधाई देते हुए प्रदेश नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है।

### करंट की चपेट में आने से युवक गंभीर रूप से झुलसा, जिला अस्पताल में उपचार जारी



**बड़ी लापरवाही घर के पास से गुजर रही 11 हजार वोल्ट की लाइन ने खींचा, ग्रामीणों में आक्रोश**

**पन्ना।** जिले के रनवाहा ग्राम में मंगलवार शाम एक बड़ा हादसा हो गया। यहाँ रहने वाले बहादुर सिंह (40 वर्ष), पिता मंगल सिंह राजपूत, अपने घर के पास मौजूद थे। इसी दौरान घर के बिल्कुल बगल से गुजर रही 11 हजार वोल्टेज की हाई-टेंशन मखमली लाइन ने उन्हें अपनी ओर खींच लिया। करंट का झटका इतना जोरदार था कि बहादुर सिंह बुरी तरह झुलस गए और मौके पर ही बेहोश हो गए। घटना के तुरंत बाद परिजन और ग्रामीण उन्हें आनन-फानन में बेहोशी की हालत में पन्ना जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। अस्पताल के डॉक्टरों की टीम ने मुस्तैदी दिखाते हुए तुरंत प्राथमिक उपचार शुरू किया। डॉक्टरों के अनुसार, समय पर इलाज मिलने से अब बहादुर सिंह की स्थिति में सुधार हो रहा है, हालांकि वे अभी भी डॉक्टरों की निगरानी में हैं।

**खंभे हटाने और आर्थिक मदद की मांग'-**

इस दर्दनाक हादसे के बाद पीड़ित परिवार और रनवाहा के ग्रामीणों में बिजली विभाग के खिलाफ भारी आक्रोश है। परिजनों का कहना है कि रिहायशी इलाके और मकानों के इतने करीब से हाई-टेंशन लाइन का गुजरना सीधे तौर पर मौत को दावत देना है। पीड़ित परिवार ने प्रशासन और बिजली विभाग से मांग की है कि मकानों के पास लगे बिजली के खंभों और खतरनाक तारों को तुरंत आबादी से दूर स्थानांतरित किया जाए। गरीब पीड़ित परिवार को इलाज और भरण-पोषण के लिए तत्काल उचित आर्थिक मुआवजा दिया जाए। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही इन खतरनाक तारों को नहीं हटाया गया, तो वे उग्र आंदोलन करने के लिए मजबूर होंगे।

### प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने किया जिला जेल का निरीक्षण



**बंदियों से सीधे संवाद कर जानी समस्यायें**

**पन्ना।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, पन्ना माननीय श्री शरत चन्द्र सक्सेना द्वारा दिनांक 26 जून 2026 को जिला जेल, पन्ना का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जेल में उपलब्ध विभिन्न व्यवस्थाओं का सूक्ष्म अवलोकन करते हुए बंदियों को प्रदान की जा रही सुविधाओं की गुणवत्ता एवं प्रभावशीलता का परीक्षण किया गया। माननीय प्रधान जिला न्यायाधीश ने जेल परिसर की स्वच्छता, सुरक्षा व्यवस्था, बैरकों, जेल चिकित्सालय, रसोईघर (किचन), कैंटीन, मुलाकात कक्ष, विधिक सहायता क्लीनिक, उद्यमिता एवं कौशल प्रशिक्षण कक्ष सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान बंदियों हेतु तैयार किए जा रहे भोजन की गुणवत्ता एवं स्वच्छता का परीक्षण कर खाद्य सामग्री का भी अवलोकन किया गया तथा आवश्यक निर्देश दिये।

## अमानगंज में प्रथम नगर आगमन पर वेयर हाउस कॉर्पोरेशन अध्यक्ष संजय नगायच का भव्य स्वागत, जगह-जगह हुआ तुलादान





**अमानगंज।** मध्यप्रदेश वेयरहाउस एवं लॉजिस्टिक्स कॉर्पोरेशन के अध्यक्ष संजय नगायच के प्रथम नगर आगमन पर अमानगंज में भव्य स्वागत किया गया। नगर के विभिन्न स्थानों पर भाजपा कार्यकर्ताओं, सामाजिक संगठनों एवं नागरिकों ने उनका फूल-मालाओं से अभिनंदन किया साथ में क्षेत्रीय विधायक डॉ राजेश वर्मा, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष रविराज यादव, जिला भाजपा महामंत्री माधवेन्द्र सिंह मद्दू राजा रही उपस्थित. पूरे नगर में उत्साह और उल्लास का माहौल देखने को मिला। स्वागत यात्रा के दौरान कई स्थानों पर उनका तुलादान किया गया। कार्यकर्ताओं ने पुष्पवर्षा कर उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। ढोल-नगाड़ों और जयघोष के बीच निकली स्वागत यात्रा में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। नगर के प्रमुख मार्गों पर जगह-जगह स्वागत मंच बनाए गए थे, जहां नागरिकों ने माल्यार्पण कर उनका अभिनंदन किया। इस अवसर पर संजय नगायच ने सभी कार्यकर्ताओं एवं नगरवासियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें जो स्नेह और सम्मान मिला है, वह सदैव स्मरणीय रहेगा। उन्होंने प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने तथा क्षेत्र के विकास के लिए निरंतर कार्य करने का विश्वास दिलाया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि, भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता, व्यापारी, समाजसेवी एवं बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित रहे। पूरे आयोजन के दौरान नगर का माहौल उत्साह, उमंग और जनसमर्थन से सराबोर नजर आया।

## वेयर हाउसिंग लॉजिस्टिक कॉरपोरेशन के अध्यक्ष संजय नगाइच के प्रवास के दौरान भाजपा में जमकर दिखी गुटबाजी, दो धड़ों में बट गई भाजपा



**पन्ना।** मध्य प्रदेश सरकार द्वारा निगम मंडलों के अध्यक्षों की नियुक्ति की गई है जिसमें पन्ना जिले से पूर्व सहकारी बैंक के अध्यक्ष संजय नगाइच को मध्य प्रदेश वेयरहाउसिंग लॉजिस्टिक्स कॉर्पोरेशन का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है अध्यक्ष बनने के बाद प्रथम बार 24 जून को नागाइच पन्ना पहुंचे जहां पर उनका समर्थकों द्वारा स्वागत किया गया लेकिन क्षेत्रीय विधायक बृजेंद्र प्रताप सिंह तथा उनके समर्थक संगठन के विभिन्न पदाधिकारी नगर पालिका नगर पंचायतों के अध्यक्ष कहीं नजर नहीं आए जबकि प्रदेश अध्यक्ष द्वारा पूर्व में निर्देश जारी किए गए थे कि भाजपा के सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता नव नियुक्त निगम मंडलों के अध्यक्षों एवं अन्य पदाधिकारी का जिले के भ्रमण पर पहुंचने पर स्वागत करेंगे एवं एक जुटता का परिचय देंगे लेकिन प्रदेश अध्यक्ष के उक्त निर्देशों का असर दिखाई नहीं दिया। उधर पवई विधायक प्रहलाद लोधी भी नजर नहीं आए सिर्फ गुनौर विधानसभा क्षेत्र के विधायक राजेश वर्मा पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष रविराज यादव तथा अन्य समर्थक स्वागत के दौरान देखे गए भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष बृजेंद्र मिश्रा डब्बू जरूर बिना मन के साथ में देखे गए स्थानीय लोगों ने जगह-जगह उनका स्वागत किया लेकिन इस घटनाक्रम से पन्ना जिले में भारतीय जनता पार्टी के संगठन में जमकर गुटबाजी देखी जा रही है तथा पन्ना जिले की भाजपा दो गुटों में बट गई है।

## सेफ क्लिक अभियान.. थाना धर्मपुर पुलिस ऑटो रिक्शा से गांव-गांव पहुंचकर लोगों को कर रही साइबर अपराधों के प्रति जागरूक



**अजयगढ।** मध्य प्रदेश पुलिस द्वारा 24 जून 2026 से 8 जुलाई 2026 तक 15 दिवसीय ष्सेफ क्लिक अभियानष चलाया जा रहा है। अभियान का मुख्य उद्देश्य आमजन को साइबर अपराधों के प्रति जागरूक करना तथा बढ़ते ऑनलाइन अपराधों से बचाव के लिए सतर्क करना है। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक पन्ना के निर्देशन में शुक्रवार को थाना धर्मपुर पुलिस द्वारा एक ऑटो रिक्शा के माध्यम से गांव-गांव जाकर साइबर जागरूकता अभियान चलाया गया। थाना प्रभारी अनिल सिंह राजपूत के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों को साइबर ठगी से बचाव के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। थाना प्रभारी अनिल सिंह राजपूत ने लोगों को बताया कि मोबाइल फोन पर आने वाली किसी भी अज्ञात या संदिग्ध लिंक पर क्लिक न करें। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर आकर्षक ऑफर, इनाम या लुभावने संदेशों वाले विज्ञापनों से सावधान रहें। साथ ही ओटीपी, केवाईसी विवरण, बैंक खाते की जानकारी, एटीएम/डेबिट कार्ड का सीवीवी नंबर जैसी गोपनीय जानकारी किसी भी व्यक्ति के साथ साझा न करें। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि फेसबुक, इंस्टाग्राम एवं अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर अपनी व्यक्तिगत जानकारी सीमित मात्रा में ही साझा करें, ताकि साइबर अपराधी उसका दुरुपयोग न कर सकें। कार्यक्रम में यह भी बताया गया कि यदि किसी व्यक्ति के साथ किसी प्रकार की ऑनलाइन धोखाधड़ी या साइबर फ्रॉड की घटना होती है, तो वह तत्काल राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर संपर्क कर शिकायत दर्ज कराए। पुलिस अधिकारियों ने लोगों से साइबर सुरक्षा के प्रति स्वयं जागरूक रहने तथा अपने परिवार और आसपास के लोगों को भी जागरूक करने की अपील करते हुए संदेश दिया कि ष्सतर्क रहें, सुरक्षित रहें।ष

## हजरत इमाम हुसैन की शहादत को किया गया याद अलाव और ताजिया जुलूस के साथ मनाया गया मोहर्रम

**अजयगढ़ महाराज अजयराज सिंह जु देव ने दिलाई ताजिया में फातेहा वितरित कराया लंगर**







**अजयगढ़।**

इस्लामिक कैलेंडर के पहले महीने मोहर्रम के साथ नए साल का आगाज होता है। अजयगढ़ में इस पाक महीने को बड़े ही अकीदत और उत्साह पूर्ण माहौल में मनाया गया। पुरानी कोतवाली के पीछे चांद रात से ही मोहर्रम पर्व पर नमाज-ए-ईशा के बाद तकरीर का आयोजन किया गया जो लगातार 10 दिन करीब आयोजित होता है। इस कार्यक्रम में मुफ़्ती अख्तर रजा साहब व हाफिज फहीम साहब व दीगर उलमाओं ने हजरत इमाम हुसैन की जिंदगी, उनके दर्शन, सब्र ,हिकमत और नसीहतों का बयान किया, जिसे सुनकर जायरीन अकीदतमंद भावुक हो उठे।मोहर्रम की नौवीं तारीख, यानी 25 जून को अजयगढ़ महाराज के महलन में अलाव का आयोजन किया गया। 26 जुलाई को सुबह हजरत इमाम हुसैन और कर्बला के शहीदों की याद में विशेष नमाज ओर दुआएं (प्रार्थनाएं) की गईं। इसके उपरांत शाम 6 बजे से मजार से ताजिया जुलूस का आयोजन हुआ, जो नगर के प्रमुख मार्गों से होता हुआ कर्बला में समाप्त हुआ। इस दौरान जगह जगह लंगर तकसीम का एहतिमाम किया गया था। जुलूस में बड़ी संख्या में लोगों ने हिस्सा लिया और 'या हुसैन' के नारों के साथ शहीदों को याद किया गया। जुलूस के दौरान ताजियों को पारंपरिक तरीके से सजाया गया, और अकीदतमंदों ने हजरत इमाम हुसैन की शहादत को याद किया।

### अजयगढ़ महाराज ने ताजिया में चढ़ाया तवर्रुख लंगर कराया वितरित -

बिजुर्गो की परंपरा के अनुसार जुलूस अजयगढ़ महाराज के महल पहुँचा जहां पर अजयगढ़ महाराज अजयराज सिंह जु देव जी के द्वारा ताजिया में तवर्रुख चढ़ाया ओर लंगर वितरित करवाया इस दौरान सैकड़ो लोगो के द्वारा अदभुत नजारा देखने मिला। महाराज को देखने के लिए लोग उत्सुक नजर आए जहां महाराज की सादगी और अकीदत को देख लोग प्रसन्न नजर आए। इसके उपरांत ताजिया जुलूस आगे के लिए रवाना हुआ। प्रशासन ने जुलूस के दौरान सुरक्षा के लिए पुख्ता इंतजाम किए ओर जगह जगह पुलिस व राजस्व विभाग व नगर परिषद के अधिकारी कर्मचारी मोजूद रहे। जिससे जुलूस शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। यह आयोजन न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक रहा, बल्कि अजयगढ़ में हिंदू-मुस्लिम एकता की मिसाल भी पेश की।मोहर्रम का यह पर्व इमाम हुसैन के सब्र, बलिदान, सच्चाई और न्याय के लिए उनके संघर्ष को याद करने का अवसर है, जो लोगों को इंसानियत और अमन का पैगाम देता है।

## साइबर ठगों के जाल से बचें युवा, सुंगरहा शासकीय महाविद्यालय में सेफ क्लिक 2.0 कार्यक्रम संपन्न



**गुनौर।** डिजिटल युग में बढ़ते साइबर अपराधों और ऑनलाइन धोखाधड़ी के प्रति युवाओं को जागरूक करने के लिए आज सुंगरहा शासकीय महाविद्यालय गुनौर में श्सेफ क्लिक 2.0श कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस विशेष जागरूकता अभियान में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित गुनौर थाना प्रभारी बलवीर सिंह ने छात्र-छात्राओं और कॉलेज स्टाफ को साइबर ठगों के नए-नए पैंतरों से अवगत कराया और उनसे सुरक्षित रहने के अचूक मंत्र दिए। एक क्लिक की लापरवाही और खाता साफरू थाना प्रभारी कार्यक्रम को संबोधित करते हुए थाना प्रभारी बलवीर सिंह ने बेहद सरल और व्यावहारिक भाषा में समझाया कि आज के दौर में साइबर अपराधी किस तरह मासूम लोगों को अपनी ठगी का शिकार बना रहे हैं। उन्होंने कहा डिजिटल दुनिया में आपकी एक छोटी सी लापरवाही या एक गलत क्लिक आपकी गाढ़ी कमाई और निजी डेटा को खतरे में डाल सकता है। किसी भी अज्ञात लिंक पर क्लिक करने से पहले सौ बार सोचें। ओटीपी और पासवर्ड की गोपनीयतारू किसी भी परिस्थिति में अपना बैंक ओटीपी, यूपीआई पिन या सोशल मीडिया पासवर्ड किसी से साझा न करें। बैंक कभी भी फोन पर ऐसी जानकारियां नहीं मांगता। लोभ-लालच वाले लिंक्स से दूरी लॉटरी जीतने, पार्ट-टाइम जॉब के नाम पर घर बैठे लाखों कमाने या सस्ते लोन के झांसे में आकर किसी भी संदिग्ध लिंक (न्त्स्) को ओपन न करें। अपरिचित फ्रेंड रिक्वेस्ट से सावधान सोशल मीडिया पर अनजान लोगों की फ्रेंड रिक्वेस्ट स्वीकार करने और उनसे अपनी निजी तस्वीरें या जानकारियां शेयर करने से बचें। तत्काल करें शिकायतरू यदि कोई साइबर ठगी का शिकार हो जाता है, तो घबराने की बजाय तुरंत राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल करें या बलइमतबतपउम.हवअ.पद पर शिकायत दर्ज कराएं। समय पर दी गई सूचना से पैसे वापस मिलने की संभावना बढ़ जाती है।

### डिजिटल सुरक्षा की शपथ-

कार्यक्रम के अंत में महाविद्यालय के प्राचार्य और प्राध्यापकों ने थाना प्रभारी बलवीर सिंह की इस पहल की सराहना की। उपस्थित छात्र-छात्राओं ने न केवल खुद साइबर सुरक्षित रहने का संकल्प लिया, बल्कि अपने परिवार और समाज के लोगों को भी इस विषय में जागरूक करने की बात कही। इस दौरान कॉलेज स्टाफ सहित भारी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## बड़े जैन मंदिर में मिली पुरानी पांडुलिपियाँ और माड़ना



**पन्ना।** भारत सरकार के ज्ञान भारतम कार्यक्रम के अंतर्गत पूरे देश में प्राचीन पांडुलिपियों को खोजने का कार्य किया जा रहा है, ताकि इन्हें विशेषज्ञों द्वारा सुरक्षित और संरक्षित किया जा सके। साथ ही इन पांडुलिपियों का डिजिटाईजेशन कर शोधार्थियों, अध्ययनकर्ताओं आदि को सहजता से उपलब्ध कराया जा सके । इसी कार्यक्रम के अंतर्गत पन्ना कलेक्टर ऊषा परमार द्वारा एक समिति का गठन किया गया है, जिसका नोडल अधिकारी जिला पंचायत सीईओ उमराव सिंह मरावी को बनाया गया है। समिति के सदस्य आबकारी उपनिरीक्षक मुकेश पाण्डेय और धर्मार्थ शाखा प्रभारी मनोज पाण्डेय पन्ना शहर के धाम मोहल्ले में स्थित प्राचीन पार्श्वनाथ दिगंबर बड़ा जैन मन्दिर पहुंचे । जहां मंदिर समिति के अध्यक्ष नरेंद्र जैन और अभिषेक जैन के सहयोग से प्राचीन धार्मिक ग्रंथों की पांडुलिपियों का अवलोकन किया। मौके पर ज्ञान भारतम मोबाइल एप पर स्कैन कर अपलोड किया। इन ग्रंथों में कई प्रकार के विधान, पुराण और पूजा संबंधी महत्वपूर्ण ग्रन्थ आदि है। इन्हीं ग्रंथों में एक प्राचीन कपड़े पर बना माड़ना तेरह दीप का मानचित्र भी मिला है। पन्ना कलेक्टर ऊषा परमार द्वारा अपील की गई है, जिन नागरिकों, परिवार या संस्थाओं के पास प्राचीन हस्तलिखित पांडुलिपियां है, वो भी ज्ञान भारतम मोबाइल एप पर स्वयं भी प्राचीन हस्तलिखित पांडुलिपियां अपलोड कर सकते है । प्रत्येक पांडुलिपि के कम से कम तीन पेज की फोटो खींच कर अपलोड करना है। इसके बाद विशेषज्ञ इसका परीक्षण करेंगे। सही पाए जाने पर विशेषज्ञ इसका संरक्षण और डिजिटाइजेशन के लिए संबंधित से संपर्क करेंगे।

## अभियान के तृतीय दिवस बैंकिंग एवं वित्तीय सुरक्षा विषय पर व्यापक जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित





**पन्ना।**

मध्यप्रदेश पुलिस द्वारा संचालित राज्य स्तरीय साइबर सुरक्षा जन-जागरूकता अभियान ष्थ्म् ब्स्प्ब्ज्-2026 2.0 के अंतर्गत पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती निवेदिता नायडू के निर्देशन मे अभियान के तृतीय दिवस दिनांक 26 जून 2026 को जिले के समस्त थाना क्षेत्रों में ष्बैंकिंग एवं वित्तीय सुरक्षाष विषय पर व्यापक जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस अवसर पर पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा विभिन्न बैंक शाखाओं, एटीएम, डाकघरों, कॉमन सर्विस सेंटर बाजार क्षेत्रों एवं सार्वजनिक स्थानों पर पहुंचकर नागरिकों को साइबर अपराधों से बचाव के संबंध में जागरूक किया गया। आमजन को डिजिटल अरेस्ट, फर्जी एवं बैंकिंग जानकारी साझा करने के खतरे, न्च्प् फ्रॉड, फ्त्कोड स्कैम तथा ऑनलाइन निवेश के नाम पर होने वाली धोखाधड़ी के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान बैंक ग्राहकों, व्यापारियों एवं आम नागरिकों के बीच साइबर सुरक्षा संबंधी पेम्फलेट वितरित किए गए तथा उन्हें सुरक्षित डिजिटल लेन-देन अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। पन्ना पुलिस आमजन से अपील करती है कि साइबर अपराधियों के नए-नए तरीकों से सतर्क रहें, डिजिटल लेन-देन करते समय आवश्यक सावधानी बरतें तथा स्वयं जागरूक बनकर अपने परिवार एवं समाज को भी साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक करें। सतर्क रहें, सुरक्षित रहें ही साइबर अपराधों से बचाव का सबसे प्रभावी उपाय है।

## हमें मुफ्त योजनाएं नहीं, शिक्षा चाहिए, छात्रों की गूंज कार्यक्रम में उठी युवाओं के भविष्य की आवाज






**पन्ना।** पन्ना के स्थानीय गार्डन में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी एवं प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देश पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष अनीश खान के नेतृत्व में 'छात्रों की गूंज' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न महाविद्यालयों के छात्र-छात्राएं, शिक्षक, समाजसेवी एवं बड़ी संख्या में आम नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान छात्रों ने नीट पेपर लीक, भर्ती परीक्षाओं में अनियमितता, बढ़ती बेरोजगारी तथा शिक्षा व्यवस्था से जुड़े विभिन्न मुद्दों को प्रमुखता से उठाया। कार्यक्रम में छात्रा कुं. मनश्वी बुन्देला ने कहा कि, 'हमें मुफ्त की योजनाओं की आवश्यकता नहीं है। हमें अच्छी शिक्षा और निष्पक्ष प्रतियोगी परीक्षाएं चाहिए। यदि शिक्षा मजबूत होगी तो हम अपने दम पर रोजगार प्राप्त कर जीवन की सभी आवश्यकताएं पूरी कर लेंगे। 'छात्र आकाश उडन्तन चौधरी ने कहा कि, 'पेपर लीक जैसी घटनाएं लाखों मेहनती छात्रों के सपनों को तोड़ देती हैं। सरकार को ऐसी घटनाओं पर सख्त कार्रवाई कर युवाओं का विश्वास कायम करना चाहिए। 'वहीं छात्र हिमांशू ठाकुर ने कहा कि, 'वर्षों की मेहनत के बाद जब परीक्षाओं की निष्पक्षता पर सवाल खड़े होते हैं तो छात्रों का मनोबल टूटता है। युवाओं को सुरक्षित और पारदर्शी परीक्षा व्यवस्था मिलनी चाहिए। सानिया खान, रोहित वर्मा ने भी अपनी बात कही। 'कार्यक्रम में उपस्थित शिक्षक पुष्पेन्द्र शुक्ला ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि, 'जीवन में संघर्ष आते हैं, लेकिन कठिन परिस्थितियों में भी धैर्य और मेहनत नहीं छोडऩी चाहिए। आत्मघाती कदम कभी किसी समस्या का समाधान नहीं होते। मन लगाकर पढ़ाई करें और अपने लक्ष्य की ओर निरंतर आगे बढ़ते रहें। 'शिक्षकों ने पेपर लीक एवं शिक्षा क्षेत्र में बढ़ती अनियमितताओं पर चिंता व्यक्त करते हुए सरकार से इन पर प्रभावी अंकुश लगाने की मांग की। लेखिका चित्रावती पटेल ने कविता के माध्यम से शैक्षणिक लचरता पर अपनी बात रखी। कार्यक्रम के अंत में जिला कांग्रेस अध्यक्ष अनीश खान ने उपस्थित छात्र-छात्राओं, अभिभावकों, शिक्षकों, समाजसेवियों एवं नागरिकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि युवाओं व छात्रों की आवाज को हर स्तर तक पहुंचाने का प्रयास किया जाएगा। यह कार्यक्रम गैर राजनैतिक है, कोई भी छात्र व युवा इस मंच के माध्यम से अपनी बात रख सकता है। कार्यक्रम में शिक्षा, रोजगार और युवाओं के भविष्य को लेकर गंभीर चर्चा हुई। इस दौरान जीवन लाल सिद्वार्थ, स्वतंत्र अवस्थी, अंकित शर्मा, डॉ कदीर खान, बासुदेव बुन्देला, सौरभ पटेरिया, अरविन्द सोनी, विमला सिंगरौल, वेदांत मिश्रा, अजम्य बाजपेयी, अवधेश यादव आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन राजबहादुर पटेल ने किया।

**खबर संक्षेप**

### फर्जी केस का आरोप लगाकर एसपी कार्यालय पहुंचा युवक, गौरिहार पुलिस के खिलाफ लगाए नारे

**छतरपुर।** जिले के गौरिहार थाना क्षेत्र के मनुरिया गांव निवासी युवक रवि अहिरवार शुक्रवार को हाथ में भरत तिवारी का पोस्टर लेकर पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचा। इस दौरान उसने गौरिहार थाना पुलिस के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए पुलिस मुर्दाबाद और गौरिहार थाना पुलिस मुर्दाबाद के नारे लगाए। युवक रवि अहिरवार का आरोप है कि राजनीतिक दबाव के चलते उसके खिलाफ झूठा मामला दर्ज किया गया है। उसने दावा किया कि उसे बेवजह फंसाया जा रहा है और निष्पक्ष जांच नहीं की जा रही। युवक ने भाजपा के एक स्थानीय नेता सहित राज्यमंत्री दिलीप अहिरवार के भाई पर भी गंभीर आरोप लगाए। एसपी कार्यालय पहुंचे युवक ने मामले की निष्पक्ष जांच कर न्याय दिलाने की मांग की। वहीं, इस संबंध में पुलिस अधिकारियों की ओर से फिलहाल कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है। मामले की सच्चाई जांच के बाद ही स्पष्ट हो सकेगी।

### दलित परिवार ने कांग्रेस नेता पर जमीन कब्जाने का लगाया आरोप, न्याय की लगाई गुहार

**छतरपुर।** ईशानगर क्षेत्र के एक दलित परिवार ने कांग्रेस नेता अशोक पटेल पर गंभीर आरोप लगाते हुए प्रशासन से न्याय की मांग की है। पीड़ित मल्थवा अहिरवार पिता हल्का अहिरवार एवं उनकी पत्नी शांति बाई अहिरवार का कहना है कि शासन द्वारा वर्ष 2002 में उन्हें कृषि भूमि का पट्टा प्रदान किया गया था।पीड़ित का आरोप है कि इसी पट्टे की जमीन पर उन्होंने बैंक से कृषि ऋण भी लिया था, जिसका पूरा भुगतान कर दिया गया। इसके बावजूद प्रभाव और नेतागिरी के बल पर उनकी जमीन को दोबारा सरकारी रिकॉर्ड में दर्ज करा दिया गया और उस पर कई वर्षों से कब्जा किया हुआ है।मल्थवा अहिरवार का कहना है कि उन्होंने इस संबंध में कई बार राजस्व विभाग एवं संबंधित अधिकारियों से शिकायत की, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। उनका आरोप है कि जमीन से बेदखल होने के कारण परिवार आजीविका के लिए अपने दो बच्चों के साथ बाहर मजदूरी करने को मजबूर है और उनके पास जीविकोपार्जन के लिए कोई अन्य कृषि भूमि नहीं बची है।

## बारात में छोड़े गए पटाखा बम पर उठे सुरक्षा के सवाल

# चंदला के सिलगांव स्कूल में विस्फोट, दो मासूम घायल

**चंदला।** चंदला थाना क्षेत्र के सिलगांव स्थित प्राथमिक विद्यालय में एक संदिग्ध पटाखा बम फटने से दो मासूम छात्र गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद पूरे क्षेत्र में हड़कंप मच गया। परिजनों का आरोप है कि 22 जून को विद्यालय परिसर में रुकी एक बारात के दौरान इस्तेमाल किया गया पटाखा स्कूल परिसर में ही छूट गया था, जिसे बच्चों ने खेल-खेल में उठा लिया और उसके फटने से हादसा हो गया।जानकारी के अनुसार, 24 जून को स्कूल पहुंचे 8 वर्षीय कालका दीन पिता कल्लू राजपूत और उसका साथी राहुल पिता इंद्र बहादुर राजपूत परिसर में खेल रहे थे। इसी दौरान उनकी नजर एक लावारिस बम जैसी वस्तु पर पड़ी। दोनों बच्चे उसे उठाकर स्कूल की दूसरी जर्जर इमारत की ओर ले गए। छेड़छाड़ करते ही उसमें जोरदार विस्फोट हो



गया, जिससे दोनों बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका उपचार जारी है।परिजनों का दावा है कि धमाका इतना तेज था कि स्कूल भवन की छत में भी दरारें आ गईं। घटना के बाद ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते विद्यालय परिसर की जांच की गई होती तो यह हादसा टाला जा सकता था।

घटना ने सार्वजनिक कार्यक्रमों में अवैध और खतरनाक पटाखों के इस्तेमाल, विद्यालय परिसरों की सुरक्षा व्यवस्था तथा प्रशासनिक निगरानी पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। ग्रामीणों ने दोषियों की पहचान कर उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। वहीं पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है और बारात में शामिल लोगों की भूमिका की पड़ताल कर रही है।

# कुएं में मिला युवक का शव, हत्या की आशंका से इलाके में सनसनी





**छतरपुर।** जिले के राजनगर क्षेत्र के ललपुरवा गांव के पास एक कुएं में युवक का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान करिया बिजा निवासी 32 वर्षीय सीताराम पाल उर्फ बबलू के रूप में हुई है। घटना की जानकारी मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर एकत्र हो गए। सूचना मिलते ही खजुराहो थाना पुलिस भारी पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंची और शव को कुएं से बाहर निकलवाकर अपने कब्जे में लिया। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और फॉरेंसिक टीम द्वारा साक्ष्य जुटाने की कार्रवाई शुरू कर दी है।प्रारंभिक तौर पर युवक की मौत को लेकर हत्या की आशंका जताई जा रही है। हालांकि पुलिस का कहना है कि मौत के कारणों का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच पूरी होने के बाद ही हो सकेगा। फिलहाल पुलिस हर पहलू से मामले की जांच में जुटी हुई है।

## 200 मरीजों की जांच; 25 मोतियाबिंद के लिए चिन्हित

# हनुमान टोरिया मंदिर में लगा निःशुल्क नेत्र शिविर

**छतरपुर। हनुमान टोरिया मंदिर परिसर में प्रत्येक माह की 26 तारीख को आयोजित होने वाले निःशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर के तहत गुरुवार को सैकड़ों लोगों ने स्वास्थ्य लाभ लिया। शिविर में करीब 200 मरीजों की आंखों का परीक्षण किया गया, जिनमें से 25 मरीजों को मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए चिन्हित किया गया।**

यह सेवा चित्रकूट के सद्गुरु नेत्र चिकित्सालय के विशेष सहयोग से नियमित रूप से संचालित की जाती है। शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा मरीजों की आंखों की जांच कर उन्हें आवश्यक परामर्श और उपचार संबंधी जानकारी दी गई।समाजसेवी गिरजा पाटकर ने बताया कि हनुमान टोरिया मंदिर परिसर में प्रत्येक माह की 26 तारीख को निःशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन किया जाता है, जिससे



आसपास के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों के जरूरतमंद लोगों को बेहतर नेत्र चिकित्सा सुविधा उपलब्ध हो रही है। उन्होंने अधिक से अधिक लोगों से इस सेवा का लाभ उठाने की अपील की।

# संदिग्ध मौत पर मायके पक्ष का हंगामा ससुराल वालों पर प्रताडऩा और हत्या का आरोप




**छतरपुर।** महाराजपुर थाना क्षेत्र में विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत को लेकर मायके पक्ष ने ससुराल वालों पर गंभीर आरोप लगाए हैं। शुक्रवार को पीड़ित परिवार पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचा और मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। हालांकि परिजनों की एसपी से मुलाकात नहीं हो सकी।मृतका के परिजनों ने बताया कि उनकी बेटी देवी बंसल की शादी करीब 10 वर्ष पूर्व महाराजपुर थाना क्षेत्र के ढिकपुरा निवासी उत्तम बंसल से हुई थी। उनका आरोप है कि शादी के बाद से बेटी को मायके आने-जाने और परिवार से मिलने नहीं दिया जाता था। पति और देवर द्वारा उसके साथ लगातार मारपीट और प्रताडऩा की जाती थी। परिजनों के अनुसार 23 मई 2026 को एक अज्ञात मोबाइल नंबर से श्मशान घाट में चिता पर लेटी उनकी बेटी की तस्वीर भेजी गई, जिससे उन्हें उसकी मौत की जानकारी मिली। उनका कहना है कि ससुराल पक्ष ने मृत्यु की सूचना तक परिवार को नहीं दी। पीड़ित परिवार का आरोप है कि पिपट और महाराजपुर थाने में शिकायत करने के बावजूद अब तक उनकी रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई। मायके पक्ष ने राज्य महिला आयोग एवं पुलिस प्रशासन से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने, मौत की वास्तविक परिस्थितियों का खुलासा करने तथा दोषियों के विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। वहीं पुलिस का कहना है कि शिकायत के आधार पर मामले की जांच की जाएगी और तथ्यों के अनुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# 9 अगस्त को कांग्रेस का देशव्यापी छात्र आंदोलन, शिक्षा व्यवस्था पर उठाए सवाल

**छतरपुर।** कांग्रेस ने शुक्रवार को छतरपुर में आयोजित प्रेसवार्ता के दौरान 9 अगस्त को प्रस्तावित देशव्यापी छात्र आंदोलन की घोषणा करते हुए केंद्र सरकार की शिक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल उठाए। पार्टी नेताओं ने आरोप लगाया कि देश की शिक्षा व्यवस्था आईसीयू में पहुंच चुकी है और विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में लगातार हो रहे पेपर लीक से छात्रों का भविष्य संकट में है।प्रेसवार्ता में कांग्रेस जिलाध्यक्ष गगन यादव, पूर्व विधायक विक्रम सिंह नातीराजा, पूर्व जिलाध्यक्ष लखन पटेल, पार्टी प्रवक्ता संतोष तिवारी सहित कई कांग्रेस पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे। जिलाध्यक्ष गगन यादव ने कहा




कि नीट सहित कई प्रतियोगी परीक्षाओं के पेपर लीक होने से लाखों छात्रों का भविष्य प्रभावित हुआ है। उन्होंने कहा कि लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने कोटा पहुंचकर छात्रों से संवाद किया था और कांग्रेस ने इस पूरे मामले में केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग की थी। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार छात्रों की आवाज नहीं सुन रही है। कांग्रेस पत्रकारों के माध्यम से सरकार को चेतावनी देना चाहती है कि यदि केंद्रीय शिक्षा मंत्री इस्तीफा नहीं देते हैं तो 9 अगस्त से पूरे देश में छात्र आंदोलन शुरू होगा।गगन यादव ने कहा कि शिक्षा व्यवस्था के आईसीयू में होने का आशय यह है कि जहां-जहां शिक्षा में भ्रष्टाचार हुआ है या हो रहा है, वहां भाजपा से जुड़े लोगों की भूमिका सामने आई है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार नहीं चाहती कि बच्चे अच्छी शिक्षा प्राप्त करें, क्योंकि शिक्षित युवा अपने अधिकारों के प्रति जागरूक होकर सवाल पूछेंगे।

# हॉकी कोच पर स्टेडियम में जानलेवा हमला, हॉकी से 15 मिनट तक पीटा; मोबाइल और सोने की चेन भी लूटी

**छतरपुर। शहर के बाबूराम चतुर्वेदी स्टेडियम में गुरुवार शाम एक हॉकी कोच पर आधा दर्जन युवकों द्वारा बेरहमी से हमला किए जाने का मामला सामने आया है। हमले में कोच गंभीर रूप से घायल हो गए। आरोप है कि हमलावर उनका मोबाइल फोन और गले की सोने की चेन भी छीनकर फरार हो गए। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।**

जानकारी के अनुसार, नकुल पिता पंचमलाल कुशवाहा (32) निवासी सागर रोड, खेल ग्राम के पास, थाना सिविल लाइन, गुरुवार शाम करीब 6 बजे स्टेडियम में खिलाड़ियों को हॉकी का प्रशिक्षण दे रहे थे। इसी दौरान शिवम दीक्षित, उसके भाई सहित अन्य तीन-चार युवक वहां पहुंचे और नकुल को पकड़कर स्टेडियम के बाहर ले गए। आरोप है कि आरोपियों ने उनकी हॉकी छीनकर उसी से करीब 15 मिनट तक लगातार मारपीट की। इस दौरान मौके पर मौजूद लोग तमाशबीन बने रहे और कोई बचाने नहीं आया।



पीड़ित का आरोप है कि मारपीट के दौरान आरोपियों ने उनका मोबाइल फोन और गले में पहनी सोने की चेन भी छीन ली। गंभीर रूप से घायल नकुल ने घटना की सूचना अपने परिजनों को दी। परिजन मौके पर पहुंचे और उन्हें सिविल लाइन थाना ले गए, जहां पुलिस ने शिकायत दर्ज कर कार्रवाई शुरू की। इसके बाद पुलिस और परिजनों की मदद से घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। डॉक्टरों के अनुसार नकुल के सिर, आंख, नाक, कान तथा हाथ-पैर में गंभीर चोटें आई हैं। घायल नकुल ने बताया कि दो दिन पहले स्टेडियम में शिवम दीक्षित का कुछ वरिष्ठ क्रिकेट खिलाड़ियों से विवाद हो गया था। उस दौरान उन्होंने बीच-बचाव कर शिवम को विवाद से दूर रहने की सलाह दी थी। इसी बात से नाराज होकर शिवम और उसके साथियों ने गुरुवार को हमला कर दिया। नकुल पिछले दो वर्षों से क्रीड़ा भारती केंद्र के माध्यम से स्कूली बच्चों को हॉकी का प्रशिक्षण दे रहे हैं और उनका कहना है कि इससे पहले उनका किसी से कोई विवाद नहीं हुआ। पुलिस का कहना है कि शिकायत के आधार पर प्रकरण दर्ज कर लिया गया है तथा आरोपियों की तलाश कर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

# साढ़े तीन किलो गांजे के साथ महिला तस्कर गिरफ्तार

**छतरपुर।** पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा के निर्देशन में जिले में अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत कोतवाली पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए राजनगर रोड फोरलेन ब्रिज के पास से एक महिला को 3 किलो 520 ग्राम अवैध गांजे के साथ गिरफ्तार किया है। बरामद गांजे की अनुमानित कीमत करीब 60 हजार रुपये बताई गई है।जानकारी के अनुसार, कोतवाली पुलिस को रोड पेट्रोलिंग के दौरान राजनगर रोड क्षेत्र में गांजा तस्करी की सूचना मिली थी। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने फोरलेन ब्रिज के पास पहुंचकर एक संदेही महिला को रोककर महिला पुलिस अधिकारी की मौजूदगी में उसके थैले की विधिवत तलाशी ली। तलाशी के दौरान थैले से 3 किलो 520 ग्राम अवैध गांजा बरामद हुआ। पुलिस ने आरोपी गौरीबाई पटेल पति रामगोपाल पटेल, निवासी ग्राम झमटुली, थाना बमीठा के खिलाफ थाना कोतवाली में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया। आरोपी महिला को न्यायालय में पेश किया गया, जबकि मामले की विवेचना जारी है। यह कार्रवाई अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आदित्य



पटले एवं नगर पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सोनी के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश सिंह, थाना प्रभारी ओरछा रोड उप निरीक्षक दीपक यादव, उप निरीक्षक कुलदीप सिंह जादौन, सहायक उप निरीक्षक गिरजेश राजा, प्रधान आरक्षक मनीष, आरक्षक करन यादव, अरविंद राय, महिला आरक्षक माया एवं पुलिस टीम द्वारा संयुक्त रूप से की गई।

# युवक से डेढ़ लाख रुपये लूटने और मारपीट का आरोप एफआईआर न होने पर परिजनों ने उठाए सवाल



**छतरपुर।** सटई थाना क्षेत्र में गुरुवार देर रात एक युवक से डेढ़ लाख रुपये लूटने और उसके साथ बेरहमी से मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है। घटना में घायल युवक का जिला अस्पताल में उपचार जारी है। वहीं पीड़ित पक्ष ने पुलिस पर शिकायत के बावजूद एफआईआर दर्ज नहीं करने का आरोप लगाया है।

जानकारी के अनुसार जखरोन निवासी अखिलेश यादव और अतुल पटेल गुरुवार रात करीब 10 बजे सटई स्थित बालाजी मंदिर के पास मौजूद थे। पीड़ित पक्ष का आरोप है कि इसी दौरान खेमचंद्र, जीतू, रोहित, दीपक (रामपुर), बाबू और अखिलेश पटेल (डोंगरा) सहित अन्य लोगों ने उन्हें रोक लिया। आरोप है कि आरोपियों ने दोनों के साथ मारपीट की और अखिलेश यादव से करीब डेढ़ लाख रुपये छीन लिए। मारपीट में गंभीर रूप से घायल हुए अखिलेश यादव को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज जारी है। परिजनों का कहना है कि घटना के बाद वे रिपोर्ट दर्ज कराने सटई थाने पहुंचे, लेकिन उनकी शिकायत पर एफआईआर दर्ज नहीं की गई। पीड़ित परिवार ने आरोपियों के खिलाफ तत्काल मामला दर्ज कर कार्रवाई की मांग की है। उधर, मामले में पुलिस का पक्ष जानने के लिए थाना प्रभारी से संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन उनसे बात नहीं हो सकी। पुलिस का पक्ष सामने आने के बाद समाचार को अपडेट किया जाएगा।

### ट्रैक्टर-ट्रॉली चोरी का पर्दाफाश, दो आरोपी गिरफ्तार



**छतरपुर।** जिले के थाना बड़ामलहरा पुलिस ने ग्राम कर्री से चोरी हुए ट्रैक्टर-ट्रॉली मामले का महज 48 घंटे के भीतर खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर चोरी गया वाहन बरामद कर लिया है। आरोपियों के कब्जे से करीब 6 लाख रुपये कीमत का पावरट्रैक ट्रैक्टर एवं ट्रॉली जब्त की गई है।पुलिस के अनुसार 24 जून को ग्राम कर्री स्थित मंगल भवन के पास से फरियादी सुनील अवस्थी का ट्रैक्टर-ट्रॉली चोरी हो गया था। शिकायत के आधार पर थाना बड़ामलहरा में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) के तहत चोरी का मामला दर्ज किया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा के निर्देश पर विशेष टीम गठित कर आरोपियों की तलाश शुरू की गई।
जांच के दौरान पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर साक्ष्य जुटाए तथा मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया। प्राप्त सूचनाओं और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर संदेहियों से पूछताछ की गई, जिसमें उन्होंने चोरी की वारदात स्वीकार कर ली।

# मोरवा पुनस्र्थापन प्रक्रिया: भूमि अधिग्रहण का कार्य प्रगति पर

### भूमि अधिग्रहण एवं डेटा प्रबंधन प्लेटफॉर्म 2.0 (LADM 2.0)' नई डिजिटल सुविधाओं के साथ हुआ लाइव दस्तावेज परीक्षण, 'प्रतिकर भुगतान' एवं 'पजेशन' प्रक्रियाओं के डिजिटल प्रबंधन हेतु पोर्टलों का शुभारंभ

**सिंगरौली। कोल इंडिया लिमिटेड की सिंगरौली स्थित प्रमुख अनुषंगी नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एनसीएल) की विशालतम परियोजना जयंत के विस्तार हेतु मोरवा पुनस्र्थापन प्रक्रिया के अंतर्गत भूमि अधिग्रहण का कार्य प्रगति पर है। इस प्रक्रिया को और अधिक पारदर्शी, जवाबदेह तथा हितधारक-अनुकूल बनाते हुए एनसीएल ने शुक्रवार को 'भूमि अधिग्रहण एवं डेटा प्रबंधन' प्लेटफॉर्म (LADM) का नया वर्जन एलएडीएम 2.0 को नए डिजिटल कलेवर के साथ लांच किया।**

इस पहल के तहत अब 'दस्तावेज परीक्षण एवं सत्यापन', 'प्रतिकर भुगतान' तथा भूमि एवं परिसंपत्तियों के स्वामित्व हस्तांतरण से संबंधित प्रक्रियाओं के डिजिटल प्रबंधन हेतु




'भूमि अधिग्रहण एवं डेटा प्रबंधन प्लेटफॉर्म' में 'डीएसवीटी', 'आर एंड आर' तथा 'पजेशन पोर्टल' का समावेशन किया गया है। साथ ही, संपूर्ण एलएडीएम प्लेटफॉर्म को ईआरपी प्रणाली से भी जोड़ा जा रहा है। इन नई डिजिटल सुविधाओं का वर्चुअल माध्यम (वीसी) से शुभारंभ करते हुए एनसीएल के सीएमडी बी. साईराम ने कहा कि डिजिटलीकरण सिंगरौली पुनस्र्थापन प्रक्रिया में गति एवं सटीकता सुनिश्चित करने का एक प्रभावी साधन है। उन्होंने सिंगरौली पुनस्र्थापन सेल को इस नए डिजिटल सौगात के लिए बधाई देते हुए उत्साह के साथ पुनस्र्थापन कार्यों को और अधिक तेजी एवं दक्षता से आगे बढ़ाने का आह्वान किया। नए पोर्टलों के माध्यम से पुनर्वास लाभों से संबंधित डेटा का डिजिटल प्रबंधन, भूमि एवं परिसंपत्तियों के स्वामित्व हस्तांतरण (पजेशन) का प्रबंधन तथा डीएसवीटी (दस्तावेज जांच एवं सत्यापन टीम) के माध्यम से दस्तावेजों का रखरखाव, परीक्षण एवं सत्यापन अधिक प्रभावी ढंग से डिजिटल रूप में किया जा सकेगा। उपरोक्त वर्णित पोर्टलों के शुभारंभ के साथ अब सर्वे से लेकर प्रतिकर भुगतान तक की संपूर्ण पुनस्र्थापन प्रक्रिया का डिजिटलीकरण हो गया है । इन नई सुविधाओं से भूमि अधिग्रहण प्रक्रिया में न्यूनतम मानवीय हस्तक्षेप सुनिश्चित होगा। मैनुअल हस्तक्षेप नहीं होने से संपूर्ण कार्य अधिक दक्षता एवं त्रुटिहीनता के साथ संपन्न होगा। इसके अतिरिक्त, समस्त डेटा लंबे समय तक क्लाउड में सुरक्षित रहेगा, जिससे अभिलेखों का सुरक्षित संग्रहण, संरक्षण एवं त्वरित उपलब्धता सुनिश्चित होगी। इस अवसर पर एनसीएल के निदेशक (मानव संसाधन) मनीष कुमार, महाप्रबंधक (एसपीसी) निरंजन रुक्मांगद, सिंगरौली पुनस्र्थापन सेल के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी व डेलॉयट के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। हिंदी एवं अंग्रेजी भाषा में उपलब्ध 'भूमि अधिग्रहण एवं डेटा प्रबंधन' प्लेटफॉर्म (LADM) में सर्वेक्षण एवं डिजिटल डेटा संग्रहण, वैलिडेशन एवं ओटीपी-आधारित सत्यापन, प्रभावित परिवारों द्वारा माप विवरण का अवलोकन, शिकायत प्रबंधन तथा भूमि एवं परिसंपत्तियों के मुआवजे की स्वचालित गणना जैसी सुविधाएँ पहले से ही उपलब्ध थीं। एनसीएल का एलएडीएम 2.0 प्लेटफार्म, भूमि अधिग्रहण एवं पुनस्र्थापन प्रक्रिया में पारदर्शिता, जवाबदेही, गति, सटीकता, दक्षता, डेटा सुरक्षा तथा डिजिटल सशक्तिकरण को और अधिक मजबूती प्रदान करेगा।

# संभाग में अब तक 25 प्रतिशत ही हो सकी मिलिंग, जिला प्रबंधकों को 30 जून तक का अल्टीमेटम धान के भंडारण में हो रही समस्या, 30 जून से पहले कार्य कराने का निर्देश

रीवा।



रीवा संभाग (रीवा, सतना, सीधी और सिंगरौली) में धान मिलिंग की रफ्तार बेहद धीमी है, और अब तक केवल 25 प्रतिशत के करीब ही धान मिल पाई है। सुस्त रफ्तार के पीछे मिलर्स की उदासीनता और परिवहन से जुड़ी समस्याएं हैं। संभाग के अधिकांश जिलों में मिलर्स द्वारा तय समय सीमा में धान का उठाव नहीं किया गया, जिससे गोदामों में धान का स्टॉक पड़ा हुआ है। धीमी मिलिंग करने वाले मिलर्स को नोटिस जारी करने और उन पर ब्लैकलिस्टिंग/जुर्माने की कार्रवाई की जा रही है। इतना ही नही शासन स्तर पर मिलर्स को हिदायत दी गई है कि वे जल्द से जल्द मिलिंग पूरी करके चावल जमा करें ताकि भंडारण का संकट न हो। मध्यप्रदेश में धान की कस्टम मिलिंग का कार्य निर्धारित लक्ष्य के मुकाबले काफी धीमी गति से चल रहा है। रीवा संभाग में लक्ष्य के मुकाबले अब तक 25 प्रतिशत से भी कम कस्टम मिलिंग हो पाई है, जिससे शासन और नागरिक आपूर्ति निगम की चिंता स्थिति बढ़ गई है। स्थिति को देखते हुए मध्यप्रदेश सिविल सप्लाईज कार्पोरेशन ने सभी जिला प्रबंधकों को 30 जून तक अल्टीमेटम दिया है। जिसकी समय सीमा भी अब समाप्त हो रही है। कई जिलों में धान मिलिंग की रफ्तार बेहद धीमी है जबकी कुछ जिलों में अभी तक काम तक शुरू नहीं हो सका है। विभागीय समीक्षा से यह सामने आया कि मिलिंग की गति काफी धीमी चल रही है। संबंधित जिला प्रबंधकों को तीन दिन में स्पष्टीकरण देने का नोटिस भी कर दिया है। साथ ही जिला प्रबंधकों से कहा गया है कि वह हर हाल में 30 जून के पहले उठाव की गई धान की मिलिंग का कार्य पूरा कराएं, ऐसा नहीं किए जाने की स्थिति में संबंधित जिला प्रबंधकों पर कार्रवाई भी होगी। बता दें कि समर्थन मूल्य पर खरीदे जाने वाले धान की मिलिंग के बाद चावल का कुछ हिस्सा केंद्र के उपक्रम एफसीआई को दिया जाता है और शेष हिस्सा नॉन की ओर से शासन की दूसरी योजनाओं के लिए सार्वजनिक वितरण प्रणाली को सौंपा जाता है। इस बार केंद्र सरकार ने स्पष्ट किया है कि समय पर उनके हिस्से का चावल चाहिए।अब तक यह है स्थितिइस कारण अब एमपी स्टेट सिविल सप्लाइज कार्पोरेशन ने भी जिलों के प्रबंधकों को चेतावनी दी है। बताया गया है कि 51.58 लाख मीट्रिक टन भंडारित धान के विरुद्ध अब तक 9.08 मीट्रिक टन मिलिंग है जो महज 18 प्रतिशत है। 42.50 लाख मीट्रिक टन धान जिलों के गोडाउन में अभी भी डंप है। रीवा संभाग के जिलों में रीवा में 21 प्रतिशत, सीधी सिंगरौली 18, मऊगंज 13, सतना 11 एवं मैहर में महज छह प्रतिशत ही मिलिंग का कार्य हो पाया है। एमपी स्टेट सिविल सप्लाईज कार्पोरेशन ने हर जिले की मिलिंग की रिपोर्ट जारी की है। जिसमें 25 प्रतिशत से कम मिलिंग करने वाले जिलों में रीवा, सीधी, सतना, मऊगंज, सिंगरौली, मैहर उमरिया, शहडोल, आदि जिले शामिल हैं।पन्ना जिले के 17 गोदाम चिन्हितसमय पर धान की मिलिंग नहीं होने की वजह से गोदामों में अभी भी धान डंप है। जिसके कारण हाल ही में समर्थन मूल्य पर खरीदे गए गेहूं को रखने की जगह नहीं होने के चलते कई जिलों के गेहूं दूसरे जिलों में रखने के लिए पत्राचार किए गए थे।

# 34 वर्षों की सेवा को मिला सम्मानः बिलासपुर में अतुल जैन बहुप्रांतीय अध्यक्ष मेडल से हुए सम्मानित



रीवा। लायंस क्लब्स इंटरनेशनल की प्री कैबिनेट बैठक एवं प्रादेशिक कार्यशाला में रीवा के वरिष्ठ समाजसेवी और ग्लोबल मेंबरशिप टीम कोऑर्डिनेटर अतुल जैन को पीड़ित मानव सेवा तथा सदस्यता विस्तार के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए बहुप्रांतीय अध्यक्ष मेडल से सम्मानित किया गया। यह सम्मान बिलासपुर में आयोजित समारोह में बहुप्रांतीय अध्यक्ष लायन मनीष शाह, अंतरराष्ट्रीय निदेशक (इंडोसी) लायन कुलभूषण मित्तल, डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन विजय अग्रवाल एवं डिस्ट्रिक्ट गवर्नर (इलेक्ट) लायन रिपुदमन सिंह पुसरी ने प्रदान किया। समारोह में बताया गया कि अतुल जैन पिछले 34 वर्षों से लायंस क्लब्स इंटरनेशनल के माध्यम से निरंतर पीड़ित मानव सेवा, स्वास्थ्य, शिक्षा एवं सामाजिक उत्थान के कार्यों से जुड़े हैं। उन्होंने मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान सहित बहुप्रांतीय क्षेत्र में लायंस क्लब की सदस्यता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उनके प्रयासों से 1100 से अधिक नए सदस्य संगठन से जुड़े, वहीं सभी सदस्यों का शत-प्रतिशत रिटेंशन भी सुनिश्चित किया गया, जिसे संगठन की उल्लेखनीय उपलब्धि माना गया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि अतुल जैन ने बस्ती क्षेत्रों के बच्चों के शैक्षणिक उत्थान, 'दृष्टि प्रथम' अभियान के अंतर्गत नेत्र ज्योति उपलब्ध कराने तथा विभिन्न सेवा परियोजनाओं के माध्यम से समाज के जरूरतमंद वर्ग तक सहायता पहुंचाने का कार्य किया है। महिला सदस्यता वृद्धि के क्षेत्र में भी उनके प्रयासों को विशेष उपलब्धि के रूप में सराहा गया। लायंस क्लब्स इंटरनेशनल के मिशन-1.5 के तहत सदस्यता विस्तार में उत्कृष्ट योगदान के लिए उन्हें पूर्व में अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष की ओर से प्रेसिडेंशियल प्लेज, प्रेसिडेंशियल सर्टिफिकेट एवं पिन से भी सम्मानित किया जा चुका है। वहीं 34 वर्षों की सतत सेवा के लिए उन्हें माइल स्टोन शेवरोन मोनार्क सम्मान भी प्राप्त हुआ है। अतुल जैन को लायंस क्लब्स इंटरनेशनल फाउंडेशन के माध्यम से स्थायी सेवा परियोजनाओं के लिए विशेष अनुदान दिलाने पर अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष फैब्रिसियो ओलिविएस द्वारा प्रेसिडेंशियल मेडल भी प्रदान किया गया है। इसके अतिरिक्त उन्हें मध्यप्रदेश शासन द्वारा एक्सीलेंस मैन ऑफ द ईयर सम्मान सहित विभिन्न सामाजिक एवं सेवा संस्थाओं द्वारा भी सम्मानित किया जा चुका है। वर्तमान में अतुल जैन लायंस क्लब्स इंटरनेशनल में विभिन्न दायित्वों के साथ प्रदेश महामंत्री वैश्य महासम्मेलन (मध्यप्रदेश), भारत विकास परिषद विंध्य प्रांत के प्रांतीय संयोजक (सेवा), नृत्य राघव सरस्वती स्कूल के अध्यक्ष, रीवा लायंस नेत्र चिकित्सालय के वाइस चेयरमैन सहित जैन समाज, गौशाला समिति, भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी, बैंक्वेट क्लब एवं मानस मंडल नागरिक मंच जैसी संस्थाओं से सक्रिय रूप से जुड़े हुए हैं। उन्होंने राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं, राज्य स्तरीय विज्ञान मेले एवं राज्य स्तरीय डाक टिकट प्रतियोगिताओं में भी प्रतिनिधित्व किया है।सम्मान मिलने पर दी शुभकामनाएंअतुल जैन को बहुप्रांतीय अध्यक्ष मेडल मिलने पर पूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन त्रिलोक चंद्र बड़रिया (रायपुर), लायन सत्येंद्र शर्मा (सतना), लायन अशोक गुप्ता एवं लायन अविनाश अग्रवाल (छिंदवाड़ा), लायन विजय अग्रवाल (कोरबा), लायन सुधीर जैन (सतना), लायन प्रकाश चांइक (जबलपुर), लायन गुलशन चड्ढा (अध्यक्ष) तथा राजेश गुप्ता (उपाध्यक्ष) सहित अनेक पदाधिकारियों ने बधाई देते हुए उनके सामाजिक योगदान की सराहना की।

## रीवा का राहुल कुशवाहा केरल STF के हत्थे चढ़ा, मेडिकल नशे के बड़े नेटवर्क का खुलासा

विंध्य और महाकौशल में फैला था नेटवर्क, रीवा संभाग के गांव-गांव तक पहुंच रही थीं नशीली दवाएं

रीवा। रीवा निवासी राहुल कुशवाहा को केरल एसटीएफ ने मेडिकल नशे के बड़े नेटवर्क का संचालन करने के आरोप में गिरफ्तार किया है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, आरोपी प्रदेश के विंध्य और महाकौशल क्षेत्र में नशीली दवाओं के अवैध कारोबार का बड़ा नेटवर्क संचालित कर रहा था।

बताया जा रहा है कि राहुल कुशवाहा का नेटवर्क रीवा संभाग सहित विंध्य क्षेत्र के कई जिलों तक फैला हुआ था। आरोप है कि उसके माध्यम से गली-मोहल्लों से लेकर गांव-गांव तक मेडिकल नशे में इस्तेमाल होने वाली प्रतिबंधित एवं नशीली दवाओं की आपूर्ति की जा रही थी।केरल एसटीएफ की कार्रवाई के बाद इस पूरे नेटवर्क से जुड़े कई महत्वपूर्ण सुराग हाथ लगे हैं। जांच एजेंसियां अब नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की पहचान और गिरफ्तारी में जुटी हैं। माना जा रहा है कि जांच आगे बढ़ने पर प्रदेश के कई जिलों में सक्रिय इस अवैध कारोबार से जुड़े और बड़े खुलासे हो सकते हैं।फिलहाल पुलिस और संबंधित जांच एजेंसियां मामले की विस्तृत जांच कर रही हैं। अधिकारियों का कहना है कि नेटवर्क से जुड़े सभी आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## अर्थदंड राशि जमा नहीं करने वालों की दुकानें होंगी सीज



रीवा। जिले में खाद्य पदार्थों में मिलावट करने वालों तथा खाद्य सुरक्षा मानकों की अनदेखी करने वाले कारोबारियों के खिलाफ प्रशासन ने सख्त कार्यवाही की है। खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के तहत अपर कलेक्टर एवं न्याय निर्णायक अधिकारी सपना त्रिपाठी ने अब तक 181 मामलों में निर्णय सुनाते हुए कुल 41 लाख 60 हजार रुपये का अर्थदंड अधिरोपित किया है। इसमें से 30 लाख 68 हजार 600 रुपये की वसूली भी की जा चुकी है। रीवा जिले में मिलावट खोरों के विरुद्ध लगातार प्रभावी कार्यवाही की जा रही है। फरवरी 2024 से जून 2026 के बीच खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत दर्ज 181 प्रकरणों का निराकरण करते हुए दोषियों पर जुर्माना लगाया गया। प्रशासन ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि जिन प्रतिष्ठानों ने अब तक अर्थदंड की राशि जमा नहीं की है, उनके खिलाफ कठोर कार्यवाही की जाएगी। संबंधित तहसीलदारों एवं खाद्य सुरक्षा अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि बकाया राशि की वसूली कर चालान कि प्रति न्यायालय में प्रस्तुत करें। निर्धारित समय सीमा में राशि जमा नहीं करने वाले प्रतिष्ठानों को सीज करने कि कार्यवाही की जाएगी।

## जिले में निःशुल्क शव वाहन सेवा का प्रभावी संचालन, जरूरतमंदों को मिल रही सहायता, शव वाहन के लिए टोल फ्री नंबर 155334 पर करें संपर्क

रीवा। जिले में स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित निःशुल्क शव वाहन सेवा निरंतर बेहतर ढंग से संचालित की जा रही है। इस सेवा के माध्यम से जरूरतमंद परिवारों को कठिन समय में त्वरित एवं सम्मानजनक सहायता प्रदान की जा रही है। इस संबंध में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि यह सेवा अस्पताल से मृतक के गृह ग्राम तक सुरक्षित एवं सम्मानपूर्वक परिवहन सुनिश्चित कर रही है, जिससे आमजन को बड़ी राहत मिल रही है। शव वाहन सेवा स्वास्थ्य विभाग की एक संवेदनशील एवं जनकल्याणकारी पहल है। हमारा प्रयास है कि हर जरूरतमंद परिवार को समय पर वाहन उपलब्ध हो और किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि सेवा की गुणवत्ता एवं त्वरित उपलब्धता सुनिश्चित करें। नोडल अधिकारी 108 और शव वाहन सेवा ऋषिराज गौतम ने बताया कि जिले में शव वाहन की मॉनिटरिंग सतत रूप से की जा रही है। कॉल प्राप्त होते ही प्राथमिकता के आधार पर वाहन उपलब्ध कराया जाता है। आमजन से अपील है कि निर्धारित हेल्पलाइन नंबरों निःशुल्क कॉल सेन्टर नंबर 155334 तथा 9644453956, 7880094831 पर ही संपर्क करें, ताकि सेवा का लाभ पारदर्शी तरीके से मिल सके। शव वाहन सेवा का उपयोग केवल जिले के अंदर स्वास्थ्य संस्था से मृतक के गृह ग्राम तक परिवहन के लिए किया जाएगा। जिले के बाहर शव परिवहन के लिए एंबुलेंस/वाहन की अनुमति नहीं है। आमजन से अपील की गई है कि सेवा का उपयोग केवल वास्तविक आवश्यकता होने पर ही करें किसी भी प्रकार की गलत जानकारी या दुरुपयोग से बचें और निर्धारित संपर्क नंबरों पर ही कॉल करें।

## नशामुक्त समाज के निर्माण का लिया संकल्प, अंतरराष्ट्रीय मादक पदार्थ एवं अवैध तस्करी निरोधक दिवस पर कार्यशाला आयोजित



रीवा। अंतरराष्ट्रीय मादक पदार्थ एवं अवैध तस्करी निरोधक दिवस के अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (डीएलएसए), अहिंसा वेलफेयर सोसायटी एवं समग्र जन चेतना विकास परिषद के संयुक्त तत्वावधान में जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं एवं आमजन को नशे के दुष्प्रभावों तथा अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ जागरूक करना था।कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जिला न्यायाधीश अंजली पारे रहीं, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में न्यायाधीश समीर मिश्रा उपस्थित रहे। इस अवसर पर रेडक्रॉस सोसायटी के अध्यक्ष डॉ. प्रभाकर चतुर्वेदी, महिला एवं बाल विकास विभाग की बाल कल्याण अधिकारी स्वाती श्रीवास्तव, जिला विधिक सहायता अधिकारी अभय मिश्रा, जेजेबी सदस्य रंजना शर्मा, अहिंसा वेलफेयर सोसायटी के समन्वयक सुमित सिंह तथा पैरा लीगल वॉलेंटियर्स भी उपस्थित रहे।कार्यशाला को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने युवाओं में बढ़ती नशे की प्रवृत्ति पर चिंता व्यक्त की और उन्हें नशे से दूर रहकर स्वस्थ, सकारात्मक एवं जिम्मेदार जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि नशा व्यक्ति के शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य को प्रभावित करने के साथ-साथ परिवार और समाज को भी नुकसान पहुंचाता है। वक्ताओं ने अवैध मादक पदार्थों की तस्करी पर रोक लगाने के लिए समाज की सक्रिय भागीदारी को आवश्यक बताया।कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों को नशामुक्ति, मादक पदार्थों से संबंधित कानूनी प्रावधानों तथा सामाजिक जागरूकता के विभिन्न पहलुओं की जानकारी दी गई। कार्यक्रम का समापन नशामुक्त एवं स्वस्थ समाज के निर्माण हेतु सामूहिक संकल्प के साथ हुआ। उपस्थित सभी लोगों ने नशे के खिलाफ जनजागरण अभियान को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।

## कांग्रेस ने छात्रों की समस्याओं पर किया संवाद नीट पेपर लीक और भर्ती घोटालों को बनाया मुद्दा



रीवा। प्रतियोगी परीक्षाओं में कथित अनियमितताओं, प्रश्नपत्र लीक और भर्ती प्रक्रियाओं में सामने आए विवादों को लेकर कांग्रेस ने शुक्रवार को रीवा में छात्रों की गूंज' संवाद कार्यक्रम आयोजित किया। शहर के वृंदावन मैरिज गार्डन में आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं, युवाओं, शिक्षकों और कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को अपनी समस्याएं और सुझाव रखने का मंच उपलब्ध कराना तथा परीक्षा प्रणाली में पारदर्शिता और निष्पक्षता की मांग को मजबूती से उठाना रहा। इस दौरान नीट पेपर लीक, विभिन्न भर्ती परीक्षाओं में कथित घोटालों, प्रश्नपत्र लीक की घटनाओं और शिक्षा व्यवस्था से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। बता दे लगातार सामने आ रहे पेपर लीक और भर्ती परीक्षाओं में कथित अनियमितताओं ने लाखों युवाओं की मेहनत और भविष्य को प्रभावित किया है। परीक्षा प्रणाली में जवाबदेही और पारदर्शिता की कमी के कारण योग्य अभ्यर्थियों का विश्वास डगमगाया है। वक्ताओं ने सरकार से मांग की कि परीक्षा प्रणाली को पूरी तरह सुरक्षित और पारदर्शी बनाया जाए तथा पेपर लीक और भर्ती घोटालों में शामिल दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाए। संवाद कार्यक्रम में उपस्थित छात्रों ने भी खुलकर अपनी समस्याएं रखीं। छात्रों ने कहा कि प्रतियोगी परीक्षाओं में बार-बार सामने आने वाली गड़बड़ियों से उनकी वर्षों की मेहनत प्रभावित होती है। उन्होंने समयबद्ध भर्ती प्रक्रिया, निष्पक्ष परीक्षा व्यवस्था और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि 'छात्रों की गूंज' अभियान के माध्यम से प्रदेशभर में छात्रों और युवाओं की आवाज को सरकार तक पहुंचाया जाएगा। उनका कहना था कि शिक्षा और रोजगार से जुड़े मुद्दों पर पार्टी लगातार संघर्ष करती रहेगी और छात्रों के हितों की रक्षा के लिए हर स्तर पर आवाज उठाएगी। कार्यक्रम में शिक्षा व्यवस्था में सुधार, परीक्षा संचालन में तकनीकी सुरक्षा बढ़ाने, भर्ती प्रक्रियाओं को समय पर पूरा करने तथा युवाओं के अधिकारों की रक्षा के लिए प्रभावी व्यवस्था लागू करने की आवश्यकता पर भी जोर दिया

## अंतरराष्ट्रीय नशा निवारण दिवस पर हजारों शराब की बोतलों पर चला बुलडोजर, महिलाओं-बच्चों ने लिया नशामुक्ति का संकल्प



रीवा। अंतरराष्ट्रीय नशा निवारण दिवस के अवसर पर शुक्रवार को शहर में नशे के खिलाफ एक अनोखा और प्रतीकात्मक प्रदर्शन किया गया। शहर के ट्रांसपोर्ट नगर क्षेत्र में आयोजित कार्यक्रम के दौरान हजारों शराब की बोतलों पर जेसीबी चलाकर नशे के खिलाफ जनजागरण का संदेश दिया गया। इस अनूठे आयोजन में बड़ी संख्या में महिलाओं, युवाओं, बच्चों और स्थानीय नागरिकों ने भाग लेकर नशामुक्त समाज के निर्माण का संकल्प लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य समाज, विशेषकर युवाओं को नशे की लत से दूर रहने के लिए प्रेरित करना और इसके दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करना था। प्रदर्शन के दौरान शराब की बोतलों को बुलडोजर से नष्ट कर यह संदेश दिया गया कि नशा व्यक्ति, परिवार और समाज तीनों के लिए घातक है तथा इसके खिलाफ सामूहिक लड़ाई की आवश्यकता है। बता दे नशामुक्ति अभियान से लंबे समय से जुड़े समाजसेवी सुजीत द्विवेदी ने कहा कि आज की युवा पीढ़ी तेजी से नशे की गिरफ्त में फंसती जा रही है, जो समाज और देश के भविष्य के लिए गंभीर चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि युवाओं को नशे के तिलिस्म से बाहर निकालने के लिए केवल सरकारी प्रयास पर्याप्त नहीं हैं, बल्कि समाज के प्रत्येक नागरिक को अपनी जिम्मेदारी निभानी होगी। जनजागरण के माध्यम से लोगों को यह समझाने का प्रयास किया जा रहा है कि नशे से दूर रहकर ही स्वस्थ और सशक्त भारत का निर्माण संभव है। उन्होंने कहा कि नशामुक्ति केवल एक अभियान नहीं, बल्कि हर नागरिक की नैतिक जिम्मेदारी है। यदि आज समाज मिलकर युवाओं को नशे से बचाने का प्रयास करेगा, तभी आने वाली पीढ़ी राष्ट्र निर्माण में सकारात्मक भूमिका निभा सकेगी और देश की ताकत बनेगी, बोझ नहीं। कार्यक्रम में शामिल महिलाओं ने भी नशे के कारण परिवारों पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों को रेखांकित करते हुए लोगों से नशे से दूर रहने की अपील की। बच्चों और युवाओं ने भी नशामुक्त भारत के समर्थन में संकल्प लिया तथा समाज में जागरूकता फैलाने का संदेश दिया। गौरतलब है कि अंतरराष्ट्रीय नशा निवारण दिवस के अवसर पर देशभर में विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। रीवा पुलिस भी नशे के खिलाफ लगातार अभियान चला रही है। वहीं विद्यालयों और महाविद्यालयों में विद्यार्थियों को नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करने के लिए विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसके अलावा अनेक सामाजिक संगठन भी अपने स्तर पर जनजागरण अभियान संचालित कर रहे हैं।रीवा में आयोजित यह अनूठा प्रदर्शन अपने प्रतीकात्मक स्वरूप के कारण लोगों के बीच चर्चा का विषय बना रहा।

## जिले में तीन दिवसीय पल्स पोलियो अभियान 28 जून सेअभियान में पांच साल तक के हर बच्चें को दी जायेगी दो बूद जिंदगी की

रीवा। देश प्रदेश के साथ-साथ रीवा और मऊगंज जिले से पल्स पोलियो का उन्मूलन वर्ष 2011 में हो गया है। लेकिन देश के आसपास के तीन देशों में पल्स पोलियो के मरीज पाये जाने के कारण सुरक्षा के लिए रीवा जिले में 28 जून से तीन दिवसीय पल्स पोलियो अभियान चलाया जायेगा। इस संबंध में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. यत्नेश त्रिपाठी ने बताया कि अभियान के दौरान पांच साल तक के सभी बच्चों को पोलियो की दवा दी जायेगी। अभियान के पहले दिन 28 जून को पोलियो बूथ पर दवा पिलाई जायेगी। इसके लिए रीवा और मऊगंज जिले में 2450 अधिक पोलिंग बूथ बनाये गये हैं। इनमें दवा पिलाने के लिए प्रशिक्षित कर्मचारी तैनात रहेंगे। अभियान के दूसरे दिन और तीसरे दिन छूटे हुए बच्चों को घर-घर जाकर दवा पिलाई जायेगी। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि अभियान में तैनात अधिकारियों और कर्मचारियों को जिला एवं विकासखण्ड स्तर पर प्रशिक्षण दिया जा चुका है। अभियान की निगरानी के लिए जिला और खण्ड स्तर पर दल तैनात किये गये हैं। प्रत्येक पोलियो बूथ तक दवा पहुंचाने के लिए विशेष प्रबंध किये गये हैं। जिले के प्रमुख सार्वजनिक स्थलों जैसे बस स्टैण्ड, रेलवे स्टेशन, बाजार आदि में दवा पिलाने के लिए मोबाइल टीमें तैनात रहेंगी। पल्स पोलियो अभियान के लिए जिले में पर्याप्त मात्रा में वैक्सीन उपलब्ध है। जिला स्तर पर कंट्रोल रूम से अभियान की सतत मानीटरिंग की जायेगी। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने अभिभावकों से उनके पांच साल तक के बच्चों को पोलियो की दवा पिलाने की अपील की है।

# मऊगंज में अवैध नशे के सौदागरों पर विभिन्न थानों में हुई ताबड़तोड़ कार्रवाई





मऊगंज। जिले में नशे के अवैध कारोबार को जड़ से उखाड़ फेंकने और युवाओं के भविष्य को सुरक्षित करने के उद्देश्य से मऊगंज पुलिस अधीक्षक द्वारा अपराधियों के खिलाफ चलाया जा रहा अभियान अब पूरी तरह से रंग लाने लगा है। पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन, कड़े रुख और प्रभावी निगरानी के चलते जिला पुलिस ने नशे के सौदागरों की कमर तोड़कर रख दी है, जिसकी जनता में जबरदस्त सराहना हो रही है और कप्तान साहब की जमकर वाहवाही की जा रही है। पुलिस अधीक्षक द्वारा दिए गए सख्त निर्देशों के क्रम में जिला पुलिस ने विभिन्न थाना क्षेत्रों में त्वरित कार्रवाई करते हुए पिछले 02 दिनों के भीतर एनडीपीएस एक्ट के तहत कुल 08 गंभीर प्रकरण दर्ज कर अपराधियों में खौफ पैदा कर दिया है। इसी कड़ी में पुलिस ने अलग-अलग 03 बड़े मामलों में बड़ी कामयाबी हासिल की है, जिसमें पहला मामला थाना नईगढ़ी का है, जहाँ पुलिस ने मुस्तैदी दिखाते हुए आरोपी विमलेश साकेत उर्फ गुड्डु (पिता बृजलाल साकेत) के कब्जे से 367 ग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा जब्त किया है, जिसकी अनुमानित कीमत 7,000 रुपये आंकी गई है और आरोपी के खिलाफ धारा 8/20(बी) एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण पंजीकृत कर विवेचना में लिया गया है। वहीं दूसरा बड़ा प्रहार थाना हनुमना पुलिस द्वारा किया गया, जहाँ पुलिस टीम ने तगड़ी घेराबंदी कर दो आरोपियों सूरज शुक्ला (पिता नारायण शुक्ला) एवं कुलदीप मिश्रा उर्फ प्रभात (पिता मनोज मिश्रा) को दबोचकर उनके पास से कुल 29 शीशी ऑनरेक्स (कोरेक्स) नशीली कफ सिरप बरामद की है, जिसकी अनुमानित कीमत 7,250 रुपये है; इन दोनों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 8, 21, 22, 25 सहित म.प्र. ड्रग कंट्रोल एक्ट की धारा 5/13 तथा भारतीय न्याय संहिता (**BNS**) की धारा 111(1) के तहत वैधानिक कार्रवाई करते हुए जेल का रास्ता दिखा दिया गया है। इसी तरह तीसरे प्रकरण में थाना मऊगंज पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए आरोपी रामजश केवट (पिता रामनरेश केवट) को दबोचा और उसके पास से 250 ग्राम अवैध गांजा जब्त किया, जिसकी अनुमानित कीमत 6,000 रुपये है। मऊगंज पुलिस की इन संयुक्त कार्यवाहियों में अब तक कुल 04 कुख्यात आरोपियों के विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई की जा चुकी है, और इस दौरान कुल 617 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा तथा 29 शीशी ऑनरेक्स नशीली कफ सिरप जब्त करने में भारी सफलता हाथ लगी है। इस पूरी जब्त शुदा मादक सामग्री का कुल अनुमानित बाजार मूल्य लगभग 20,250 रुपये बताया जा रहा है, और इसके साथ ही अपराधियों के पास से एक पल्सर मोटरसाइकिल एवं एक एंड्रॉइड मोबाइल फोन भी राजसात किया गया है। नशे के इस काले कारोबार पर मऊगंज पुलिस अधीक्षक द्वारा की गई इस त्वरित और अभूतपूर्व दंडात्मक कार्रवाई ने यह साफ संदेश दे दिया है कि जिले में कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वाले किसी भी बख्शे नहीं जाएंगे, और कप्तान साहब के इस कड़क अंदाज ने मऊगंज की जनता का दिल जीत लिया है जिससे चारों तरफ पुलिस प्रशासन की जय-जयकार हो रही है।

# नईगढ़ी नगर में पारंपरिक तरीके से मनाया गया मुहर्रम, ताजिया जुलूस में उमड़ा जनसैलाब



मऊगंज। जिले के नईगढ़ी नगर में शुक्रवार को मुहर्रम का मातमी पर्व पूरी अकीदत, अमन और भाईचारे के साथ पारंपरिक तरीके से मनाया गया। शहीद-ए-कर्बला हजरत इमाम हुसैन और उनके 72 साथियों की शहादत की याद में यौमे आशूरा पर नगर के विभिन्न मोहल्लों से ताजिया जुलूस निकाले गए, जिनमें बड़ी संख्या में अकीदतमंद शामिल हुए।सुबह से ही मुस्लिम समाज के लोगों ने अपने-अपने घरों में कुरानखानी और फातिहा का आयोजन किया। इसके बाद भलुहा, बरौंहा, चकरहन टोला, लालगंज सहित विभिन्न स्थानों से ताजिए ढोल-नगाड़ों और पारंपरिक लाठी प्रदर्शन के साथ निकाले गए। सभी ताजिए निर्धारित मार्गों से होते हुए जामा मस्जिद परिसर पहुंचे, जहां से मुख्य जुलूस किला परिसर के लिए रवाना हुआ। किला परिसर में ताजियों की जियारत की गई और हजरत इमाम हुसैन की शहादत को श्रद्धापूर्वक याद किया गया।इस अवसर पर उलेमाओं ने कहा कि हजरत इमाम हुसैन की शहादत इंसानियत, सच्चाई और न्याय की रक्षा के लिए दी गई सबसे बड़ी कुर्बानी है। उनका जीवन आज भी अत्याचार के विरुद्ध संघर्ष तथा मानवता, भाईचारे और इंसाफ की राह पर चलने की प्रेरणा देता है।सुरक्षा व्यवस्था रही चाक-चौबंदमुहर्रम के शांतिपूर्ण आयोजन को लेकर प्रशासन पूरी तरह सतर्क रहा। थाना प्रभारी गोविंद प्रसाद तिवारी के नेतृत्व में नईगढ़ी पुलिस पूरे समय मुस्तैद रही। संवेदनशील स्थानों पर पुलिस बल तैनात रहा तथा अधिकारियों ने लगातार व्यवस्थाओं का जायजा लिया। पूरे आयोजन के दौरान कानून-व्यवस्था पूरी तरह नियंत्रण में रही, जिससे पर्व शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।कार्यक्रम के सफल आयोजन पर मुहर्रम कमेटी के कमरुद्दीन खान,नसीम खान, पार्षद रोशन खान उर्फ इरफान खान, मुन्नू खान, मददू खान आर.जे. खान, दिलबहार खान, पीरू खान, मुन्ना खान, प्रोफेसर खान और अब्दुल कादिर खान सहित समाज के वरिष्ठ लोगों ने प्रशासन, पुलिस, थाना प्रभारी गोविंद प्रसाद तिवारी एवं सभी सहयोगियों का आभार व्यक्त किया।नईगढ़ी नगर में मुहर्रम का पर्व श्रद्धा, अनुशासन और आपसी भाईचारे के वातावरण में शांतिपूर्वक संपन्न हुआ, जिसने सामाजिक सौहार्द, एकता और गंगा-जमुनी तहजीब की मिसाल पेश की।